No of printed pages: 2

INDIAN SCHOOL SOHAR
SUMMATIVE ASSESSMENT I (2015-2016)
SUBJECT: HINDI

Class : VIII **Time : 2 Hours**
Date : 20-9-2015 **Marks : 60**

सामान्य निर्देश ः (1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग और घ। चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(2) इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खंड - क)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। (6)

मनुष्य मधुर भाषी प्राणी है। मधुर भाषा ने उसे सामाजिक प्राणी बना दिया है। वाणी द्वारा हम दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं। स्वाभाविक मधुर वाणी से सबको अपना मित्र बना सकते हैं। मधुर वचन में बड़ी शक्ति होती है। इसके विपरीत कड़वे बोलो में विनाश का विष होता है। कठोर वचन सुनकर दूसरे लोग शत्रु बन जाते हैं। शत्रु बनाने का कार्य विनार्श कार्य ही होता है। वास्तव में मधुर वचन से शत्रु भी सखा बन जाते हैं। मधुर भाषा मेर्ल मिलाप और प्रेम से परिपूर्ण होती है। मधुरभाषी व्यक्ति सबका प्रिय बन जाता है। इससे व्यक्ति का स्वभाव शांतिप्रिय हो जाता है और वह सबका सम्मान करने वाला शिष्ट पुरुष बन जाता है। इसके विपरीत कड़वे वचन से व्यक्ति अहंकारी और अशिष्ट हो जाता है। उस व्यक्ति को कोई पसंद नहीं करता है। सब उससे दूर रहते हैं। अतः हमें मधुर वचन बोलने की आदत डालनी चाहिए क्योंकि यह सफलता और लोकप्रियता की कुंजी है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ख) मधुर वचन में बड़ी शक्ति होने की बात क्यों कही गई है ?
(ग) कड़वे वचन बोलने वाले व्यक्ति को लोग पसंद क्यों नहीं करते ?
(घ) हमें मधुर वचन बोलने की आदत क्यों डालनी चाहिए ?
(ङ) 'मित्र' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
(च) 'सफलता' शब्द का वाक्य बनाओ ।

(खंड – ख)

प्रश्न **2** दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। अनुमती , चिन्ह (1)
प्रश्न **3** दिए गए शब्दों के लिंग बताइए। चाबी, पर्वत (1)
प्रश्न **4** रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर पुनः वाक्य लिखिए।
<u>बच्चा</u> बगीचे में खेल रहा था। (1)
प्रश्न **5** वाक्य शुद्ध कीजिए।
(i) आपको अनेकों धन्यवाद। (ii) दीवार पर नहीं लिखो। (2)
प्रश्न **6** (i) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित के कारक-भेद लिखिए। (2)
(क) लक्ष्मी सीता <u>से</u> मधुर गाती है।
(ख) पुस्तकें <u>मेज़ पर</u> रख दो।
(ii) दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थक शब्द लिखिए। आग, सागर (2)
(iii) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा कीजिए तथा अर्थ लिखिए। (2)
(क) खोदा पहाड़ ....
(ख) दूध का दूध ....
(iv) निम्नलिखित प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। (2)
(क) जो इस लोक का न हो । (ख) जो ईश्वर को नहीं मानता हो ।

(v) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देश के अनुसार बदलिए। (2)

(क) बगीचे में रंग बिरंगे फूल खिले हैं। (निषेधवाचक)

(ख) कौशल को चोट लग गई। (विस्मयादिबोधक)

(vi) प्रत्येक शब्द से उपसर्ग□मूलशब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए। आकर्षित □प्रभावित (3)

(खंड □ग)

प्रश्न 7 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (5)

प्रतिमा □शैशव □बहुमूल्य □अति □शिकंजा

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (4)

सूर्योदय □रास न आना □प्रभातकाल □मन बसना

प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

फिर काम में डूब गए थे बाबा□न दिन देखते□न रात□कहीं कुछ भी कमी न आने दी उन्होंने। जिस तरह मेहमान पहले आते थे□उसी तरह फिर आने लगे। बहू बेटियां□जो भी घर आतीं□बाबा उसी तरह लुटाया करते थे। पाठशाला और अस्पतालों के चंदों में अब भी उतनी ही रकमें दान दी जातीं□जितनी पहले दी जाती थीं। लगभग साल भर बाद बड़े भैया का परीक्षा परिणाम आया तो बाबा की बूढ़ी आंखों में प्रसन्नता के आंसू छलक आए। प्रथम स्थान पाया था उन्होंने। वजीफा भी मिलने लगा था। बाबा सबसे अपने पोते का बखान करते □□बहुत परिश्रमी है बिलकुल अपने पिता की तरह। मैं स्कूल जाता। घर का□दुकान का□खेतों का काम भी देखता। खाली समय में पढ़ता और एक के बाद एक सीढ़ी पार करता चला गया। कभी एक भी पैसा व्यर्थ में खरचते मुझे किसी ने नहीं देखा था।

(i) कहानी में ' मैं 'शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है□

(ii) बाबा की बूढ़ी आंखों में प्रसन्नता के आंसू क्यों छलक आए □

(iii) बड़े भैया की अनुपस्थिति में लेखक क्या क्या काम करता था□

(iv) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखो।

(v) ' परिश्रमी 'शब्द का विलोमार्थी शब्द लिखें।

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। (2)

(i) अचानक किसने लेखक का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया □

(ii) 'ति□' और 'वल्लुव' शब्दों के क्या अर्थ हैं □

(iii) बंकिम चंद्र चटर्जी कौन थे□

प्रश्न 11 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। (10)

(i) मौरल कौन था और उसने क्या किया □

(ii) ति□वल्लुवर और संत कबीर के जीवन में क्या क्या समानताएं थीं□(कोई पांच लिखो)

(iii) 'रथच□शब्द' से लेखक का क्या तात्पर्य है □

(iv) हवा की किस बात का कवि पर क्या प्रभाव पड़ा □

(v) बाग के बंदरों ओर गाड़ी में बंद बंदरों के व्यवहार में अंतर क्यों था □

(खंड □घ)

प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(i) शिक्षक दिवस (ii) मेरा प्रिय त्योहार (iii) मेरे जीवन की अभिलाषा

प्रश्न 13 शुल्क माफ करने हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

अथवा

मुहल्ले में हो रहीं अनेक बीमारियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।